**अव्यवस्था** नहीं दिखता ओबीएचएस स्टाफ, यात्रियों में नाराजगी

# एसी कोचों के शौचालयों से आ रही दुर्गंध




**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन के बीच प्रतिदिन संचालित होने वाली ट्रेन संख्या 22181 गोंडवाना एक्सप्रेस में सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। महिला यात्रियों का आरोप है कि ट्रेन के एसी कोचों के शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है। कई बाथरूमों में इतनी अधिक गंदगी और दुर्गंध फैली हुई है कि उनका उपयोग करना भी मुश्किल हो जाता है। यात्रियों का कहना है कि शौचालयों की हालत ऐसी है कि तस्वीरें भी सार्वजनिक करने योग्य नहीं हैं। सफर के दौरान उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा।यात्रियों का कहना है कि ट्रेन में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस की व्यवस्था होने के बावजूद सफाई कर्मचारी समय पर शौचालयों की सफाई नहीं करते। कई बार शिकायत करने के बाद भी कर्मचारी या तो कोच तक नहीं पहुंचते या फिर केवल औपचारिकता निभाकर लौट जाते हैं। नतीजतन लंबी दूरी की इस ट्रेन में शौचालयों से लगातार दुर्गंध आती रहती है, जिससे विशेष रूप से महिला, बुजुर्ग और बच्चों के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी होती है।

### तस्वीरें दिखाने लायक नही

एसी कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों का कहना है कि अतिरिक्त किराया देने के बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। अपनी पहचान सार्वजनिक न करने की शर्त पर कई यात्रियों ने पश्चिम मध्य रेलवे की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि रेलवे यात्रियों से प्रीमियम किराया तो वसूल रहा है, लेकिन सफाई और रखरखाव जैसी बुनियादी सुविधाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। यात्रियों ने आरोप लगाया कि ट्रेन का नियमित मेंटेनेंस और शौचालयों की निगरानी प्रभावी ढंग से नहीं हो रही है, जिसके कारण हर यात्रा में लगभग यही स्थिति देखने को मिलती है। उनका कहना है कि यदि ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग की व्यवस्था मौजूद है, तो उसकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।

### नहीं दिखता स्टाफ

यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि 22181 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस की सफाई व्यवस्था का तत्काल निरीक्षण कराया जाए, ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ की कार्यप्रणाली की जांच की जाए और शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। विगत दिवस जबलपुर से दिल्ली तक की यात्रा कर रही महिलाओं ने नवभारत को बताया कि उनको ट्रेन में पूरी यात्रा के दौरान कोई भी हाउस कीपिंग स्टाफ नज़र नहीं आया। महिलाओं का कहना है कि लंबी दूरी की ट्रेनों में स्वच्छ और उपयोग योग्य शौचालय कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि यात्रियों का मूल अधिकार है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यात्रियों की परेशानी और रेलवे की छवि दोनों प्रभावित होती रहेंगी।

**इनका कहना है**

आप के द्वारा यह जानकारी मुझे प्राप्त हुई है। स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। तत्काल ही इसकी जांच कराई जाएगी।

**डॉ मधुर वर्मा**
**सीनियर डीसीएम, पमरे**

# 80 लाख की ठगी : दो दलालों को पुलिस ने दबोचा

**31 किसानों का 5650 क्विंटल गेंहू, 150 क्विंटल चना बेच हड़पी थी रकम**



**जबलपुर।** कटंगी पुलिस ने किसानों के साथ 80 लाख रूपए की ठगी करने वाले दो दलालों को गिरफ्तार कर लिया जिन्हें बुधवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से दोनों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। आरोपियों ने आधा दर्जन गांवो के 31 किसानों से गेंहू और चना बेचने के नाम पर लिया था और इसके बाद 5650 क्विंटल गेंहू, 150 क्विंटल चना बेच भी दिया लेकिन किसानों को रकम नहीं दी थी। रकम देने का कहते हुए उन्हें चैक दे दिए थे जो बैंक में लगते ही बाउंस हो गए थे जिसके बाद किसानों ने थाने पहुंचकर दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि सोनू उर्फ सोहन लोधी पिता स्व. महाराज सिं ह लोधी 35 वर्ष निवासी पोंडी राजघाट कटंगी एवं राजा सिंह लोधी पिता सूरज लोधी 29 वर्ष निवासी शहपुरा हरदुआ ने 31 किसानों से 4 अप्रैल से 26 अप्रैल के बीच 73 ट्रक में कुल 5650 क्विंटल गेंहू और दो ट्रक में 150 क्विंटल चना बेचा था। उस वक्त किसानों को दोनों गल्ला व्यापारियों ने कुल 11 लाख 99 हजार रुपए की रकम नकद दी। बाकी की रकम जल्द देने का आश्वासन दिया। इसके एवज में दोनों ने किसानों को कुल 57 लाख 20 हजार 181 रुपयों के चैक दिए। किसानों ने जब चैक बैंक में लगाए, तो वे बाउस हो गए थे। किसानों के अनुसार उन्हें दोनों गल्ला व्यापारियों ने कुल 80 लाख रुपए का चूना लगाया है। दोनों आरोपियों ने भूपेन्द्र सिंह, लाल सिंह, अजय सिंह, तखत सिंह, शैलजा तिवारी, पर्वत सिंह, सुशील बर्मन, नरेश बर्मन, गणेश कुशवाहा, दिनेश साहू, प्रहलाद बर्मन, सूरज पटेल, सतेन्द्र कुर्मी, हल्के सिंह लोधी, गजेन्द्र पाल सिंह, कुसल सिंह, राघवेन्द्र सिंह, तखत सिंह, राजकुमार सिंह लोधी, निर्भय सिंह, लाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, सोबरन सिंह, हाकम सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, सुखचैन सिंह, जीवन सिंह, पवन सिंह, अवधेश लोधी, एवेन्द्र सिंह, लोटन सिंह, भजन सिंह, सूरत सिंह, आलोक कुमार जैन, अभिषेक सिंह की रकम हड़पी है। रकम वापस न मिलने पर सभी ने पुलिस में शिकायत की थी इसके बाद पुलिस ने जांच के बाद दोनों गल्ला व्यापारियों के खिलाफ विभि न्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली थी। टीआई पूजा उपाध्याय ने बताया कि मामले से जुडे अहम दस्तावेज जब्त करने के साथ पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से दोनों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

**एक नजर में**

## पमरे ने 547 करोड़ से अधिक का राजस्व किया प्राप्त

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों के माल यातायात में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में बेहतर परिचालन एवं ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने माह जून 2026 में माल यातायात से 547 करोड़ 57 लाख का ऑरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया है। यह उपलब्धि गत वर्ष के इसी माह में अर्जित 502 करोड़ 12 लाख की तुलना में 09.05 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम तिमाही के दौरान पश्चिम मध्य रेल ने माल यातायात से कुल 1586 करोड़ 59 लाख का ऑरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में प्राप्त 1525 करोड़ 4 लाख के राजस्व की तुलना में 4.04 प्रतिशत अधिक है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। माल यातायात को बढ़ावा देने हेतु मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि कर विभिन्न रेल खंडों की क्षमता बढ़ाई गई है तथा आधारभूत संरचना एवं परिचालन व्यवस्था में सुधार किए गए हैं। गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल एवं साइडिंगों के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। गुड्स टर्मिनलों की कार्यप्रणाली में सुधार तथा मालगाड़ियों के डिटेंशन में कमी लाकर माल परिवहन को अधिक सुगम एवं तेज बनाया गया है।

## खाते से उड़े 41 हजार

**जबलपुर ।** बरगी थाना अंतर्गत तिन्सी में रहने वाले एक युवक के खाते से साइबर ठग ने 41 हजार रूपए पार कर दिए। पुलिस ने बताया कि नितिन पटेल 22 वर्ष निवासी ग्राम तिन्सी बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके साथ 40 हजार 999 रूपये की आनलाईन वित्तीय धोखाधड़ी हुयी है अज्ञात व्यक्ति ने किसी और का रूप धारण कर उसे धोखा देते हुये छलपूर्वक कर उसके खाते से 40 हजार 999 रूपये हड़प लिये है।

# नशे में चूर डॉक्टर के बेटे ने सरेराह परिवार से की अड़ीबाजी

**लालमाटी में उपद्रव, एफआईआर दर्ज**




**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत लालमाटी में शराब के नशे में धुत एक डॉक्टर के बेटे ने अपनी पत्नी और बच्ची के साथ घर लौट रहे एक युवक को रास्ते में रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने सरेआम जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, लालमाटी साहू मोहल्ला सिद्धबाबा निवासी आशीष कुमार पटेल (31) भारत सेवक समाज से अपनी पत्नी और मासूम बच्ची को साथ लेकर वापस अपने घर जा रहा था। वह जैसे ही रास्ते में पहुंचा, तभी वहां डॉ. पाण्डे का लड़का पीयूष उर्फ रितेश आ धमका। आरोपी पीयूष उस वक्त अत्यधिक शराब के नशे में चूर था। नशे में धुत पीयूष ने आशीष का रास्ता रोक लिया और उसके साथ बदतमीजी करते हुए शराब पीने के लिए 1000 रुपये की मांग करने लगा। जब आशीष ने अड़ीबाजी की इस रकम को देने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी आगबबूला हो गया। उसने सरेराह आशीष और उसकी पत्नी से अभद्रता शुरू कर दी। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मौके से रफूचक्कर हो गया।

# कई दिग्गज प्रत्याशी बढ़त पर, आज खुलेगी जबलपुर की शेष मतपेटियां




**जबलपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 की मतगणना के तहत बुधवार को जिला जबलपुर की पांच मतपेटियों की मतगणना सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। मतगणना प्रक्रिया अधिवक्ता समुदाय के सहयोग और प्रत्याशियों व उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। प्रत्येक चरण में निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। अब तक की मतगणना में राकेश सिंह भदौरिया, विवेक सिंह, हितोषी जय हार्डिया, नरेंद्र कुमार जैन और गौरव मिश्रा बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं महिला प्रत्याशियों ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। वर्तमान चरण में प्रतीका पाठक, प्रतिभा वालिया, अन्नू पटेल, प्रीति राजेंद्र तिवारी और राजकुमारी शर्मा बढ़त पर हैं। चुनाव में महिला अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी को अधिवक्ता समाज में बढ़ते महिला नेतृत्व का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। मतगणना के साथ चुनावी मुकाबला लगातार रोचक और प्रतिस्पर्धी होता जा रहा है।

### 30 हज़ार मतपत्र वैध पाए गए

वही आज गुरुवार से जबलपुर जिले की शेष मतपेटियों की मतगणना शुरू होगी, जिससे चुनावी सरगर्मी और बढ़ने की संभावना है। स्थानीय प्रत्याशियों के मतों की गिनती को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और सभी की निगाहें परिणामों पर टिकी हैं। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 की मतगणना 16 जून से लगातार जारी है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया का प्रतिदिन परिषद के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण भी किया जा रहा है। अब तक कुल 31,405 मतों की गणना पूरी हो चुकी है, जिनमें 30,243 मतपत्र वैध पाए गए हैं, जबकि 1,162 मतपत्र नियमों के अनुरूप नहीं होने के कारण निरस्त किए गए हैं। परिणामों के आगे बढ़ने के साथ चुनाव की तस्वीर भी धीरे-धीरे स्पष्ट होती जा रही है।

# व्हाट्सएप पर आया वर्क फ्रॉम होम का मैसेज, टास्क पूरा करने के चक्कर में महिला ने गंवाए 40 हजार



**नवभारत, जबलपुर।** घर बैठे मोटी कमाई का झांसा देकर साइबर ठग ने अधारताल थाना अंतर्गत मैत्रीनगर निवासी एक महिला को अपनी ठगी का शिकार बना लिया। जालसाज ने पहले व्हाट्सएप पर वर्क फ्रॉम होम का मैसेज भेजा फिर टास्क पूरे करने के जाल में फंसकर विश्वास जीतने के लिए महिला के खाते में कुछ रुपये भेजे और बाद में टास्क पूरा करने के नाम पर 40,000 रुपये की ऑनलाइन चपत लगा दी।

पुलिस के मुताबिक मैत्रीनगर, अधारताल निवासी श्रीमती ज्योति त्रिपाठी (30) के व्हाट्सएप पर कुछ दिनों पहले वर्क फ्रॉम होम जॉब का एक मैसेज आया था। ज्योति ने जब उसमें रुचि दिखाई, तो अज्ञात कॉलर के कहने पर उन्होंने अपने मोबाइल में टेलीग्राम ऐप डाउनलोड कर लिया। टेलीग्राम पर उन्हें कुछ आसान टास्क दिए गए। ज्योति ने जैसे ही टास्क पूरे किए, ठगों ने उनका भरोसा जीतने के लिए उनके पति के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया महाराजपुर शाखा के खाते में 300 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद 3 जुलाई 2026 को दोबारा इसी खाते में 2600 रुपये का कमीशन भेजा गया।

खाते में पैसे आने से ज्योति का उन पर विश्वास पक्का हो गया। इसके बाद शातिर ठगों ने उन्हें बड़े टास्क और ज्यादा मुनाफे का लालच देकर पैसे डिपॉजिट करने को कहा। ज्योति ने झांसे में आकर यूपीआई आईडी पर 10 हजार रुपये गूगल पे के माध्यम से भेज दिए। इसके बाद ठगों के कहने पर पटेल जय नाम के एक अन्य यूपीआई ट्रांजेक्शन आईडी पर 30 हजार रुपये और ट्रांसफर कर दिए। कुल 40 हजार रुपये ऐंठने के बाद भी साइबर अपराधियों का पेट नहीं भरा। उन्होंने ज्योति से अगले लेवल के लिए 50 हजार रुपये और डालने को कहा। इतनी बड़ी रकम मांगे जाने पर ज्योति को अपने साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की शंका हुई। उन्होंने और पैसे न देते हुए तुरंत इसकी शिकायत सायबर सेल में दर्ज कराई। सायबर सेल की जांच के बाद अधारताल थाने में अज्ञात जालसाज के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी गई है।

## स्कूल-कॉलेज के आसपास लगे पान-गुटखा दुकानों को हटाने दल गठित

**जबलपुर।** जिले में नशामुक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और स्कूल कॉलेजों एवं औद्योगिक ईकाईयों के आसपास पान, गुटखा और तम्बाकू की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर अनुविभागवार दलों का गठन किया गया है। अनुविभागीय दंडाधिकारियों के नेतृत्व में गठित इन दलों में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, तहसीलदार, थाना प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, जनपद पंचायत के सीईओ, नगर निगम के संभागीय अधिकारी, आबकारी निरीक्षक, औषधि निरीक्षक, श्रम निरीक्षक एवं शिक्षा विभाग के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को शामिल किया गया है।

# 5 लाख नकद, गाड़ी की डिमांड कर पत्नी को घर से निकाला, जेवर रखे गिरवी



**नवभारत,जबलपुर ।** गोहलपुर निवासी एक महिला को पति ने पांच लाख रूपए नगद और गाड़ी की डिमांड करते हुए घर से निकाल दिया। निकाह में मिले जेवरात भी गिरवी रख दिए । पीड़िता ने महिला थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई । जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानाकारी के अनुसार सानिया आफरीन 25 वर्ष निवासी नोनेलाल की गली सरदार एजेन्सी के पास गोहलपुर ने लिखित शिकायत की कि उसका निकाह 27 नवम्बर 2024 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार आफाक अहमद पिता शकील अहमद के साथ हुआ था । पति आफाक अहमद एक टीवीएस कंपनी में फाइनेंसर का काम करता है। निकाह के बाद कुछ दिन तक पति अच्छे से रखे , इसके पति कम दहेज लाने का ताना देकर आये दिन परेशान व प्रताड़ित करते हुये कहने लगे। मायके में 5 लाख रूपए व गाडी की मांग कर उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे । अब पति ने उसके साथ मारपीट कर घर से भगा दिया। निकाह के समय मिले जेवरात भी गिरवी रख दिए है।

## सदर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**नवभारत, जबलपुर।** सदर में 8 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में समस्त रोगों के डॉक्टरों के द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज करते हुए दवा का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा लगभग 40 क्षेत्रों में यह स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें आम जनमानस के स्वास्थ्य को देखते हुए उनको दवा का वितरण भी किया गया।

# स्कूल परिसर बना मधुशाला, नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़

**जबलपुर।** पाटन विधानसभा अंतर्गत आने वाले नीची में इन दिनों अवैध शराब के कारोबार ने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों का जीना दूभर कर दिया है। नूनसर पुलिस और जिला प्रशासन की अनदेखी से नाराज ग्रामीण महिलाओं ने जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष व पूर्व विधायक संजय यादव से अपनी पीड़ा बयां की और न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव में शराब माफिया के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे स्कूल परिसर को अपनी मधुशाला बना चुके हैं। असामाजिक तत्व दिन-दहाड़े स्कूल के भीतर बैठकर शराब पीते हैं। इस वजह से स्कूल का शैक्षणिक माहौल पूरी तरह बर्बाद हो चुका है और छोटे-छोटे नौनिहाल भारी दहशत और भय के माहौल में स्कूल जाने को मजबूर हैं।पूर्व विधायक को अपनी आपबीती सुनाते हुए महिलाओं की आंखें भर आईं। उन्होंने कहा कि गांव के मजदूर वर्ग के पुरुष दिनभर मेहनत करते हैं, लेकिन शाम को गाढ़े पसीने की पूरी कमाई अवैध शराब में फूंक देते हैं। इसके बाद नशे में धुत होकर वे घर पहुंचते हैं और अपनी पत्नियों व बच्चों के साथ मारपीट करते हैं। महिलाओं ने कहा कि वे इस संबंध में कई बार नूनसर थाना, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के दफ्तर के चक्कर काट चुकी हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिले हैं। संजय यादव ने जिला प्रशासन और पुलिस कप्तान से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। स्कूल परिसर को अपवित्र करने वाले और तस्करों को संरक्षण देने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो। यदि पुलिस ने समय रहते कदम नहीं उठाया, तो कांग्रेस पूरी ग्रामीण जनता के साथ मिलकर आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।


नव भारत

आवश्यकता है

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

एकाउंटेंट
(बी.कॉम.व टेली एवं 5 वर्ष का अनुभव )

रिकवरी एग्जीवयूटिव
(ग्रेजुएशन एवं 5 वर्ष का अनुभव)

रिपोर्टर (महिला+ पुरुष)
(2 वर्ष का अनुभव एवं बी.जे.सी एवं एम.जे.सी)

सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव
(2 वर्ष का अनुभव एवं बीए/बी.कॉम)
(स्वयं का वाहन अनिवार्य)

संपर्क करें

कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
(दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक )

9752721239, 8305852507 hr@navabharat.com


**जागरूकता** पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल के बच्चों को किया गया जागरूक

# जीआरपी ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के दिए टिप्स



**जबलपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश पुलिस के प्रदेशव्यापी सेफ़ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत जीआरपी थाना जबलपुर की टीम ने बुधवार को पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल एवं शासकीय हाई स्कूल इमलिया परियत में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान जीआरपी अधिकारियों ने विद्यार्थियों को फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया ठगी, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, फर्जी जॉब ऑफर, यूपीआई और बैंकिंग धोखाधड़ी जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंकिंग विवरण या अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें और संदिग्ध कॉल, मैसेज या ऑनलाइन गतिविधि मिलने पर तुरंत सतर्क होकर कार्रवाई करें।

**इनकी रही उपस्थिति**

जीआरपी टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि कोई साइबर अपराध होता है तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर संजीवनी राजपूत, एएसआई गोपाल सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक सागर उपाध्याय, आरक्षक परशुराम यादव एवं महिला आरक्षक लेख कुमारी उपस्थित रहे।

## पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर ।** ग्वारीघाट पुलिस ने बीती रात अवैध हथियार के साथ घूम रहे एक बदमाश को रंगे हाथों दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी कमर में देशी पिस्टल खोंसकर किसी वारदात की फिराक में था। थाना प्रभारी कन्हैया बघेल ने बताया कि उमाघाट की सीढ़ी के पास घेराबंदी कर आकाश उर्फ अक्कू बर्मन 21 वर्ष, निवासी गोरखपुर को दबोचा। तलाशी लेने पर उसकी कमर से एक लोड देशी पिस्टल और मैगजीन में फंसा जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर हथियार के स्रोत के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है।